# UGC/NET/NTA Paper-I Notes Series

# Asian-UGC/NET Series

www.asianenglishacademy.com

Welcome at: Opp. MDU, Sec – 14 Market,
Rohtak (Haryana) Pin-124001

98123-53399 98123-59933

Email: asianacademy333@gmail.com

## Information Communication Technology (ICT)


1. **<u>एड्रेस बार (Address bar) -</u>** यह आपके वेब ब्राउजर का वह हिस्सा होता है जहां आप कोई भी वेब एड्रेस टाइप करते हैं





2. **एंटीवायरस (Antivirus) -** एंटीवायरस (Antivirus) एक प्रकार के Software होते हैं जो आपके Computer को Computer Virus से Protect करते हैं




3. **<u>एक्टिव सेल (Active cell) -</u>** इस शब्द का प्रयोग Microsoft Excel में किया जाता है, जो cell माउस या की-बोर्ड की सहायता से select किया जाता है और उस सेल के चारों ओर गहरा काला बाॅडर बन जाता है, इस सेल काे एक्टिव सेल (Active cell) कहते हैं




4. **अबेकस (Abacus)** - अबेकस (Abacus) अबेकस पहला ऐसा कंप्यूटर था, जो गणना कर सकता था। अबेकस का निर्माण लगभग 3000 वर्ष पूर्व चीन के वैज्ञानिकोँ ने किया था। एक आयताकार फ्रेम में लोहे की छड़ोँ में लकडी की गोलियाँ लगी रहती थी जिनको ऊपर नीचे करके गणना या केलकुलेशन की जाती थी। यानी यह बिना बिजली के चलने वाला पहला कंप्यूटर था वास्तव मेँ यह काम करने के लिए आपके हाथ्ाांे पर ही निर्भर था।




5. **एक्सेस (Access) -** जब आप अपने कंप्यूटर या ईमेल पर वैध तरीके से अपनी पहुॅच बनाते हैं या खोलते हैं जिसके लिये आप Username और password का प्रयोग करते हैं और तो साधारण भाषा में कहा जायेगा कि आप अपने खाते को एक्सेस (access) कर पा रहे हैं




6. **अकाउंट (Account) -** यह एक प्रकार की मेंबरशिप होती है जो आप किसी भी नेटवर्क पर जैसे ऑनलाइन शॉपिंग, ऑनलाइन बैंकिग, ईमेल सर्विस या अपने पर्सनल कंप्यूटर पर बनाते हैं, अकाउंट (Account) बनाने के लिये आपकी निजी जानकारी जैसे आपका नाम, पता आपका मोबाइल नंबर या आपका ईमेल आईडी भी शामिल हो सकता है




7. **एक्रोबेट रीडर (Acrobat Reader) -** Adobe कंपनी ने एक फाइल फार्मेट डेवलप की है जिसका नाम .PDF है यानि Portable Document Format अब इस .PDF काे रीड करने के लिये या ओपन करने के लिये बनाया गया Adobe Acrobat Reader, इसमें किसी भी प्रकार की PDF फाइल का रीड किया जा सकता है और प्रिंट किया जा सकता है




8. **एडमिन (admin) -** इसे Administrator या superuser भ्ाी कहते हैं, अगर आपके पास Computer, किसी नेटवर्क या किसी सोशल मीडीया ग्रुप का पूरा कंट्रोल है तो आप एडमिन (admin) या Administrator कहलायेगें




9. **एडोब फोटोशॉप (Adobe Photoshop) -** फोटोशॉप दुनिया में Digital Imaging हेतु प्रयोग किया जाने वाला सबसे Popular Software है यह Adobe कम्पनी द्वारा बनाया गया है




10. **ऐडसेंस (AdSense) -** इसे Google Ad Sense के नाम से जाना जाता है ऐडसेंस (AdSense) वेबसाइट और ब्लॉग स्वामियों को वेबसाइट और ब्लॉग की सामग्री से ऑनलाइन पैसे कमाने का तरीका प्रदान करता है




11. **एडवेयर (Adware) -** यह एक प्रकार का वायरस होता है जो आपके ब्राउजर में अपने आप इंस्टॉल हो जाता

है, और आपको पूरे वेबपेज पर अनचाहे और जरूरत से ज्यादा विज्ञापन प्रदर्शित करता है




12. **ऐडवर्ड्स (AdWords) -** ऐडवर्ड्स (AdWords) गूगल की advertising service है जो ब्लॉगस, यूट्यूबर्स और अन्य वेबसाइट Publishers के लिये काम करती है, इसमें आप अपने किसी भी बिजनेस और वेेबसाइट या यूट्यूूूब चैनल का विज्ञापन कर सकते हैं इसके लिये आपको AdWords account बनना आवश्यक है

13. **एंड्राइड (Android) -** एंड्रॉयड मोबाइल फोन की दुनिया का सबसे तेजी से प्रगति करता आपरेटिंग सिस्टम है। जिसको गूगल के द्वारा बनाया गया है और यह पूरी तरह से नि शुल्क है एंड्रॉयड आपरेटिंग सिस्टम अपने दिलचस्प नामों की वजह से भी लोकप्रिय है




14. **एप्लीकेशन (Application) -** सभी Computer और Android प्रोग्राम जो अलग-अगल काम करने के लिये बनायें जाते हैं Application कहलाते है। Microsoft Word, Microsoft Excel, Adobe Photoshop, Google Chrome आदि लोकप्रिय एप्लीकेशन हैं।




15. **एफिलिएट (Affiliate) -** ई-कॉमर्स (E-commerce) कंपनियां नये ग्राहकों को जोडने और प्रचार करने के लिये एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) का सहारा लेती है, एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) के लिये आम यूजर्स का ही सहारा लिया जाता है और होने वाले फायदे में यूजर्स को कुछ कमीशन दिया जाता है जो यूजर्स एफिलिएट मार्केटिंग (Affiliate Marketing) करते हैं को एफिलिएट (Affiliate) कहा जाता है




16. **एंटीकाईथेरा प्रणाली (Antikythera Mechanism)** - एंटीकाईथेरा (Antikythera) असल में एक खगोलीय कैलकुलेटर था जिसका प्रयोग प्राचीन यूनान में सौर और चंद्र ग्रहणों को ट्रैक करने के लिए किया जाता था, एंटीकाईथेरा यंत्र लगभग 2000 साल पुराना है, वैज्ञानिको को यह यंत्र 1901 में एंटीकाइथेरा द्वीप पर पूरी तरह से नष्ट हो चुके जहाज से जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में प्राप्त हुआ था, एंटीकाईथेरा तंत्र ने आधुनिक युग का पहला ज्ञात एनलोग कंप्यूटर होने का श्रेय प्राप्त कर लिया




17. **एनॉनमस ईमेल (Anonymous Email)** - अक्सर कभी कभी हमें कुछ जगह पर अपनी पहचान

छिपा कर जानकारी देने की जरूरत होती है, एनॉनमस ईमेल (Anonymous-email) की सहायता से आप बिना अपनी ईमेल आईडी के किसी भी व्यक्ति को ईमेल कर सकते है, यानि Anonymous-email उस Email को कहते हैं जिसका कोई नाम पता नहीं होता है या फिर अगर होता भी है तो बिल्कुल Fake होता है।




18. **अवतार (Avatar) -** कंप्यूटर Avatar आपका ग्राफिकल प्रतिरूप होता है, असल में जब आप गेम खेलते हैं या किसी चैटग्रुप में चैट करते हैं तो यह Avatar आपको री प्रेजेंट करता है, यह और भी कारगर तब होता है जब आप ऑनलाइन मल्टीप्लेयर गेम खेल रहे होते हैं



19. **ऑगमेंटेड रियलिटी (Augmented Reality) -** ऑगमेंटेड रियलिटी वर्चुअल रिएलिटी का ही दूसरा रूप

है, इस तकनीक में आपके आसपास के वातावरण से मेल खाता हुआ एक कंप्यूटर जनित वातावरण तैयार किया जाता हैं। यानि आपके आसपास के दुनिया के साथ एक और आभासी दुनिया को जोडकर एक वर्चुअल सीन तैयार किया जाता है, जो देखने में वास्तविक लगता है



20. **एयरप्लेन मोड (airplane mode)** - हवाई जहाज का सफर पूरी तरह से एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा भेजे गये निर्देशों, रेडार द्वारा भेजे गये सिग्नलों और हवाई जहाज के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर निर्भर रहता है। यह सिग्नल एक खास फ्रीक्वेंसी में भेजे जाते हैं। लेकिन मोबाइल नेटवर्क विमान के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को नुकसान पहुॅचा सकता है। हवाई यात्रा के दौरान मोबाइल को एयरप्लेन मोड लगाने पर मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो जाते हैं, लेकिन आप फोन से अन्य काम ले सकते हैं जैसे म्यूजिक सुनना, गेम्स खेलना आदि और हवाई सफर बिना किसी परेशानी और बोरियत के पूरा हो जाता है।





21. **बायोस (BIOS) -** BIOS कंप्यूटर के ऑन होने पर रैम, प्रोसेसर, की-बोर्ड, माउस, हार्ड ड्राइव की पहचान कर उन्हें कन्फिगर (Configure) करता है। बायोस (BIOS) की Full Form है बेसिक इनपुट आउटपुट सिस्टम (Basic Input Output System)





22. **ब्राउज़र (Browser) -** वेब ब्राउज़र एक ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो आपको इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री जैसे ब्लॉग बेवसाइट पर उपलब्ध लेख, इमेज, वीडियो और ऑडियो और गेम्स आदि को देखने और प्रयोग करने में आपकी सहायता करता है।



23. **बायनरी सिस्टम (Binary System) -** कंप्यूटर बाइनरी गणना पर ही चलता है क्यों की इलेक्ट्रॉनिक्स में किसी भी सिग्नल की चालू या बंद दो ही अवस्था हो सकती है बाइनरी नंबर सिस्टम (द्विआधारी संख्या प्रणाली) में कोई भी संख्या सिर्फ 2 अंको के माध्यम से ही लिखी जाती है, वे दो अंक है 0 और 1




24. **बाइट (Byte) -** बिट कंप्यूटर की मैमारेी सबसे छोटी इकाई होती है और 8 बिट को मिलाकर 1 बाइट बनता है, बाइट कंप्यूटर की स्मृति में एक अक्षर द्वारा ली जाने वाली जगह को कहते हैं








25. **बारकोड (Barcode) -** बारकोड (Barcode) पतली व गहरी मोटी काली रेखाओं के संयोजन से प्रत्येक वस्तु पर

मुद्रित किया जाता है जिसे दुकानों या सुपर मार्किट में कंप्यूटर की मदद से पढ़ा जाता है, उस वस्तु के बारे में सब तरह की जानकारी (वस्तु का नाम, वस्तु की मात्रा, उसका मूल्य इत्यादि) दे देता है। इसेे पढने के लिये बारकाेेेड रीडर की आवश्यकता होती है

26. **बूट (Boot)** - कंप्यूटर स्टार्ट करने पर सीपीयू (CPU) और बायोस (BIOS) मिलकर कंप्यूटर को स्कैन करते हैं, बायोस (BIOS) बूटिंग डिवाइस को सर्च करता हैै और विडाेेंज काे शुरू करता है इस प्रिक्रिया काे बूट करना कहते हैं





27. **बैकस्पेस (Back Space)** - कमपयूटर की-बोर्ड मेंं बैकस्पेस बटन द्वारा कर्सर के बाई और लिखे अक्षर को मिटा सकते है। ऐसा करने पर कर्सर अन्त में टाइप किए गए अक्षर को मिटाने हुए बाई ओर लौटता है।



28. **बैकअप (Backup) -** कंप्यूटर की भाषा में आपके डाटा का एक और डुप्लीकेट प्रति बनाना बैकअप लेना कहलाता है ताकि डेटा का नुकसान होने के बाद उन्हें दोबारा प्राप्त किया जा सके




29. **बेड सेक्टर (Bad Sector) -** हार्ड डिस्क का कुछ हिस्सा जो डाटा स्टोर करने लायक नहीं रहता है यानि बेकार हो जाता है वह बेड सेक्टर (Bad Sector) कहते हैं



30. **बैच फ़ाइल (batch file) -** बैच फ़ाइल (batch file) में क्रमबद्ध तरीके से लिखे हुए डॉस कमांड होते हैं। साधारणतया बार-बार किए जाने वाले काम को अपने आप करवाने के लिए उसे लिखा जाता है। बजाय इसके कि कमांड को बार-बार टाइप करना पड़े

